तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 मई 2026

14 कलेक्टर ने गुड़ेलिया में जनजातीय गरिमा ...

14 सुशासन तिहार में हो रहा समस्याओं का समाधान




# जिले को मिले डायल 112 के 15 वाहन, राजस्व मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## 24 घण्टे संचालित इस सेवा से अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मिनटों में पहुंचेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित रक्षित केंद्र परिसर से डायल -112 वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें डायल-112 के 12 वाहन, हाईवे पेट्रोलिंग हेतु 2 वाहन तथा 1 मोबाइल फॉरेंसिक वैन शामिल हैं। इसके साथ ही जिले में नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, हेमसागर सिदार उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने और लोगों को त्वरित सहयता पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में डायल 112 सेवा प्रारम्भ किया गया है। इस आपातकालीन सेवा प्रारम्भ होने से अब 24 घंटे किसी भी घटना, दुर्घटना या अन्य परिस्थिति में केवल 112 डायल करने से तत्काल मदद मिलेगी। ये वाहन जिले के सभी 12 थानों में तैनात रहेगी। बताया गया कि इन अत्याधुनिक वाहनों में स्मार्टफोन, जीपीएस, वायरलेस रेडियो, पीटीजेड कैमरा, डैश कैम, मोबाइल एनवीआर और सोलर बैकअप जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं उपलब्ध है।



### ऐप के माध्यम से भी सहायता

इन तकनीकों की मदद से घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रियल-टाइम ट्रैकिंग और त्वरित संचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसमें नागरिक वॉयस कॉल, एसएमएस, ईमेल, वेब पोर्टल, व्हाट्सएप, चैटबॉट और एस ओ एस -112 इंडिया ऐप के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इन वाहनों में जीपीएस सिस्टम होने से कंट्रोल रूम बलौदाबाजार के माध्यम से तुरंत पीड़ित के बताए गए पते पर सबसे नजदीकी डायल-112 वाहन को तुरंत मौके पर रवाना किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गोपालपुर का बिजली कार्यालय साहू भवन में संचालित




**बलौदाबाजार**। आज से 8-9 वर्षों पूर्व गोपालपुर में बिजली कार्यालय संचालित हो गया था, लेकिन यहां कोई काम नहीं होता था। क्योंकि कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं बैठता था और क्षेत्रवासियों को हर काम के लिए भटगांव जाना पड़ता था। इसके लिए ग्रामीणों ने अनेक बार शासन प्रशासन को अधिकारी कर्मचारी बैठाने के लिए मांग किए। अनेक बार हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और कुछ दिन पूर्व गोपालपुर के साहू भवन में बिजली कार्यालय संचालित हो रहा है, और अधिकारी कर्मचारी पूरा कार्यालय समय तक बैठकर क्षेत्रवासियों के कार्य कर रहे हैं। अब लोगों ने राहत की सांस ली है। अब नजदीक में सभी काम हो रहा है। अंचल के लोगों ने बिजली कार्यालय में समस्त स्टाफ बैठाने के लिए शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किए हैं।

### अब 22 मई को लगेगा सुशासन तिहार शिविर

**बलौदाबाजार**। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले समाधान शिविर की तिथि में अपरिहार्य कारणों से आंशिक संशोधन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 मई एवं 25 मई को आयोजित होने वाले शिविर अब 22 मई को आयोजित होंगे। इसमें विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत कोटियाडीह, पलारी के गिधपुरी, सिमगा के ग्राम भटभेरा, बलौदाबाजार के ग्राम सकरी, भाटापारा के ग्राम करहीबाजार शामिल हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने इन ग्राम पंचायतों में 22 मई को शिविर आयोजन की तैयारी हेतु निर्देशित किया है।

## बैठक : सर्वे में 2017 का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा

# नगरीय निकाय क्षेत्र में पट्टा सर्वे जल्द, गरीब परिवारों को मिलेगा भू-अधिकार का लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के नगर पालिका क्षेत्र में वर्षों से शासकीय भूमि पर काबिज गरीब परिवारों को आवासीय पट्टा देने की प्रक्रिया तेज हो गई है। नगर पालिका परिषद में आयोजित बैठक में पट्टा विहीन मकानों के लिए सर्वे कार्य जल्द शुरू करने का निर्णय लिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में एसडीएम प्रकाश चन्द्र कोरी, तहसीलदार निवेश कुरेटी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी सहित राजस्व विभाग और नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि राजस्व विभाग द्वारा गठित सर्वे दल के साथ संबंधित वार्डों के पार्षद भी शामिल होंगे। शासन के निर्देशानुसार उन लोगों को भू-अधिकार पट्टा देने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जो 20 अगस्त 2017 से पहले से शासकीय भूमि पर काबिज हैं और इसका प्रमाण प्रस्तुत कर सकेंगे।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि पात्र हितग्राहियों को अधिकतम 800 वर्ग फीट भूमि का पट्टा दिया जा सकेगा। यदि मूल पट्टाधारी की मृत्यु हो चुकी है तो वैध वारिसों के नाम पर पट्टा जारी किया जाएगा। पर्याप्त दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में पंचनामा के आधार पर भी पात्रता तय की जा सकेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि गरीब परिवारों को पट्टा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। पट्टा मिलने के बाद हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी ले सकेंगे और अपने मकान पर वैधानिक अधिकार प्राप्त कर सकेंगे।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि तालाब, नाला, ग्रीन बेल्ट, फुटपाथ और सार्वजनिक परिसरों के आसपास अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा। जिन लोगों के पास पहले से आवासीय पट्टा है, वे भी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

नगर पालिका में आयोजित बैठक के दौरान नगर पालिका के सभापति हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, मनोज कान्त पुरैना, कन्हैया सेन, प्रिया शशि भूषण शुक्ला, सहित पार्षदगण अंजनी गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, रेखा पोषण पटेल, श्रद्धा मनीष वर्मा, रोहित साहू, लोकेश चेलक, सुरेश घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चंद्रशेखर गुप्ता, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू होरेलाल फेकर, शेख सलमान, ममता सुभाष राव सहित उप अभियंता रितेश स्थापक, राजस्व प्रभारी प्रसून शर्मा, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहे मेडिकल स्टोर कसडोल में भी दिखा असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ऑनलाइन फार्मेसी और दवा बिक्री से जुड़े नियमों के विरोध में बुधवार को कसडोल सहित प्रदेशभर के मेडिकल स्टोर बंद रहे। यह एक दिवसीय बंद ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के देशव्यापी आह्वान पर किया गया। कसडोल के दवा व्यापारियों ने भी बंद में शामिल होकर अपनी दुकानें बंद रखीं और ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ विरोध जताया।

दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उसकी निगरानी और सत्यापन व्यवस्था कमजोर है। इससे मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना पर्याप्त जांच के दवाइयां बेच रहे हैं।

व्यापारियों ने ए आई तकनीक के दुरुपयोग पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फर्जी मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए जा रहे हैं, जिनके जरिए बिना डॉक्टर की सलाह के दवाइयां खरीदी जा रही हैं। कई मामलों में यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि पर्ची असली है या नकली। ऑनलाइन मेडिकल परामर्श देने वाले प्लेटफॉर्म्स पर भी सवाल उठाए गए। व्यापारियों का कहना है कि कुछ गैर-प्रमाणित प्लेटफॉर्म गलत सलाह और ▸▸ शेष पेज 13 पर

# लक्की ड्रा का झांसा देकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

- आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल



बलौदाबाजार जिले के गिधौरी थाना क्षेत्र में लक्की ड्रा और सेल प्रमोशन ऑफर के नाम पर भोले-भाले ग्रामीणों को झांसा देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपी खगेन्द्र नाथ साहू को गिधौरी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ठगी का यह खेल 10 दिसंबर 2023 से शुरू होकर 23 मार्च 2026 तक लगातार चलता रहा। आरोपी खगेन्द्र नाथ साहू ने ग्रामीणों को सेल प्रमोशन ऑफर के तहत सदस्य बनाया। सदस्यों से प्रति माह 4,000 और 2,500 की रकम जमा करवाई जाती थी। ग्रामीणों का विश्वास जीतने के लिए आरोपी शुरुआत में लक्की ड्रा निकालता था और कुछ सदस्यों को पैसे वापस भी कर देता था। जब ग्रामीणों को भरोसा हो गया, तो उसने बड़ा दांव खेला।

विश्वास का फायदा उठाकर आरोपी ने ग्रामीणों से मोटी रकम जमा करवा ली, लेकिन बाद में न तो कोई ड्रा निकाला और न ही उनके पैसे वापस किए। इस ठगी का शिकार हुए प्रार्थी चूड़ामणि साहू और गीताराम साहू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आरोपी ने इन दोनों से इसी स्कीम के नाम पर कुल 2 लाख रुपए जमा करवाए थे और बाद में रकम वापस करने से मुकर गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में गिधौरी पुलिस ने मामले की गहन जांच और विवेचना शुरू की। पुलिस ने ▸▸ शेष पेज 13 पर

# गिधौरी क्षेत्र के पेट्रोल पंपों में डीजल संकट, लंबी कतार और घंटों प्रतीक्षा फिर भी वाहन खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

- कहीं भी बंद हो रहे वाहनें, चालक गाड़ियों को खड़ी कर ईंधन मिलने का इंतजार कर रहे



बलौदाबाजार जिले के गिधौरी क्षेत्र में इन दिनों ज्यादातर डीजल की समस्या से लोग जुझ रहे हैं। एक ओर शासन प्रशासन जिले के पेट्रोल पंपों पर 24 घंटे आपूर्ति के निर्देश दिये गये हैं, परंतु क्षेत्र में डीजल नहीं मिलने से वाहन मालिक के साथ वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीच सड़क हो या रास्ते पर कहीं भी वाहन खड़ी हो जा रही है। और मारामारी तथा लम्बे जाम की स्थिति बनी हुई है। गिधौरी एवं कुम्हारी पेट्रोल पर बुधवार को भयंकर जाम लग गया था, जिसके कारण घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। कुछ देर बाद गिधौरी पुलिस पेट्रोल पंप के पास जाम को बहाल किया गया। जिला ▸▸ शेष पेज 13 पर



### दरचुरा का पेट्रोल पंप सील, कर्मचारी जरिकेन में डीजल-पेट्रोल वितरित करते पकड़े गए




**सिमगा**। पेट्रोल डीजल की किल्लत के बीच कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता एवं वितरण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही पंप संचालकों द्वारा अनियमितता बरतने पर सख्त से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में स्टॉक एवं वितरण में अनियमितता पाए जाने पर बुधवार को प्रशासन की टीम ने विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम दरचुरा स्थित सीमा पेट्रोल पम्प को सील बंद किया। एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे ने बताया कि ग्राम दरचुरा स्थित सीमा पेट्रोल पम्प द्वारा व्यावसायिक वाहनों में डीजल दिया जा रहा था एवं जरिकेन 10-15 लीटर के डिब्बे में विक्रय किया जा रहा था। मौके पर उपस्थित अन्य वाहन मालिकों द्वारा मौखिक शिकायत की गई थी। संचालक सत्येन्द्र कुमार सिंह द्वारा लभगभ 50 लोगों को जरिकेन में डीजल दिया जाना स्वतः स्वीकार किया गया। इस कारण आज भी भीड़ लगी थी। स्टॉक आटोमेशन मशीन एवं भूमिगत टैंक व स्टॉक पंजी ▸▸ शेष पेज 13 पर

## स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों के साथ खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

# राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में बलौदाबाजार का दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



20वीं सीनियर एवं 14वीं जूनियर राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 14 से 17 मई तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के 20 से अधिक राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल में किया गया, जहां चार दिनों तक रोमांचक मुकाबले और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जूनियर फेयरवे स्पर्धा में मेघराज एवं तनमय की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। वहीं तान्या ने जूनियर फेयरवे सिंगल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर जिले को एक और उपलब्धि दिलाई।

इसी क्रम में जूनियर फेयरवे महिला डबल्स स्पर्धा में हेमशिखा एवं अर्णा कुलश्रेष्ठा की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और आत्मविश्वास के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

प्रतियोगिता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में वरिष्ठ खिलाड़ी श्रृंगी शर्मा का शानदार प्रदर्शन रहा। पुरुष सीनियर डबल्स स्पर्धा में उन्होंने अपने अनुभव, रणनीति और उत्कृष्ट खेल कौशल के दम पर स्वर्ण पदक जीतकर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनका आत्मविश्वास और खेल के प्रति समर्पण आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अक्षय टंडन ने भी प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वे बेहद रोमांचक मुकाबले में मात्र तीन अंकों से पदक जीतने से चूक गए।

चार दिनों तक चले इस राष्ट्रीय आयोजन में खिलाड़ियों का उत्साह, जोश और अपने राज्य एवं जिले के ▸▸ शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### समर कैंप का लाभ लेने पहुंचे राजस्थान विधायक



**भाटापारा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 10 मई से 21 जून तक योग समर कैम्प कार्यक्रम मॉडर्न स्कूल गार्डन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक उस समय आश्चर्य चकित रह गए जब अचानक, राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में बारा राजस्थान के विधायक प्रमोद कुमार भाया एवं उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष उर्मिला भाया जैन ने योग सत्र में भाग लिया। उन्होंने सपत्नीक योग में भाग लिया एवं आयोजक समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समिति की ओर शैलेन्द्र नामदेव प्राचार्य, पुष्पा वर्मा, आजू राम वर्मा, शिव मंगल सिंग, हेमलाल केदार जायसवाल, आरएसएस के बिहारी अग्रवाल एवं उनकी पत्नी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### श्रीमाता राजराजेश्वरी का दिव्य महाभिषेक

**खरोरा।** नगर में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के वातावरण के बीच श्रीमाता राजराजेश्वरी का दिव्य महाभिषेक विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ।



महाभिषेक में दूध, दही, घृत, मधु एवं शक्कर से निर्मित पंचामृत द्वारा अभिषेक किया गया। इसके साथ ही चंदन, गुलाब जल, इत्र, रोली एवं नाना प्रकार के फलों से सुवासित पवित्र जल से माँ का विशेष श्रृंगार एवं अभिषेक सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर भक्तिमय भजनों, शंखध्वनि एवं जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में महाभिषेक को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। नगरवासियों ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर माँ राजराजेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के दौरान भक्तों के लिए प्रसाद वितरण एवं भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। मंदिर के सेवक पं. धनंजय शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी सद्भाव एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के अंत में समस्त विश्व में शांति, सुख एवं समृद्धि की मंगलकामना की गई।

### सारंगढ़ में कल जनजातीय कारीगर हैंडीक्राफ्ट मेला प्रदर्शनी

**बिलाईगढ़।** जनजातीय गरिमा उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वारा जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ के जनजातीय कारीगरों के द्वारा हस्तनिर्मित (हैंडीक्राफ्ट) वस्तुओं के विक्रय एवं प्रदर्शनी हेतु मेला का आयोजन 22 मई को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक साहू धर्मशाला परिसर बिलासपुर रोड़ सारंगढ़ में किया जा रहा है। जनजातीय वर्ग के कारीगरों को अपने हस्तनिर्मित वस्तुओं के प्रदर्शन एवं विकय हेतु आयोजित मेले में आमंत्रित किया गया है। जनजातीय कारीगर को अपने साथ जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य है।

### पीएससी ने मांगे सहायक लेखक के लिए आवेदन

**रायपुर।** जून में आयोजित होने वाली मुख्य सेवा परीक्षा के लिए पीएससी ने उन अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं, जो परीक्षा में सहायक चाहते हैं। पीएससी द्वारा 20 विभिन्न विभागों में रिक्त 265 पदों पर भर्ती होगी। प्रारंभिक परीक्षा के बाद चयनित परीक्षार्थियों के लिए मुख्य परीक्षा 6 से 9 जून तक आयोजित की जाएगी। इनमें शामिल होने वाले दिव्यांगजन सहायक के लिए निर्धारित नियमों का पालन करते हुए आवेदन कर सकते हैं।

### परिवहन आरक्षक के परिणाम जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा के अंतिम उत्तर तथा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। परिवहन आयुक्त कार्यालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा 19 अप्रैल को आयोजित की गई थी। परिणाम व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड हैं। अभ्यर्थी लॉग-इन कर अपने परिणाम देख सकते हैं।

# कलेक्टर ने गुड़ेलिया में जनजातीय गरिमा उत्सव शिविर का जायजा लिया

**लोगों को योजनाओं का लाभ लेने किया प्रोत्साहित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत योजनाओं के संतृप्तिकरण हेतु जनजातीय बाहुल्य गांव में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया में आयोजित शिविर का जायजा लिया। इस अवसर पर करंज पेड़ की छाँव में लगाए गये चौपाल में ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर ने कहा कि आज यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है। स्वास्थ्य सम्बंधित जांच या सलाह डाक्टर से जरुर लें। यहां निःशुल्क जांच, ईलाज व दवाई मिल रही है। जनजातीय गरिमा उत्सव 18 मई से 25 मई तक चलेगा। योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को पहुंचाया जाएगा। उन्होने कहा कि भीषण गर्मी और भूमिगत जल के दोहन से भूमिगत जल का स्तर घट रहा हैं जो बड़ी चिंता का विषय है। भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के लिये वर्षा जल संचय, रबी मौसम में धान की खेती को हतोत्साहित करना जरुरी है। उन्होंने सभी मकानों के पास सोखता गड्ढा बनाने, खेतों के कोने में डबरी निर्माण करने कहा। इस दौरान उन्होंने समय पर स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, पीडीएस दुकान खुलने की जानकारी ली।इसके साथ ही पटवारी व सचिव के ग्राम में उपस्थित रहने व कार्य के सम्बंध में भी पूछ -ताछ की।




**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर सरपंच संकेत अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल सहित अन्य अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।*

## सिंगारपुर शिविर में 356 आवेदनों का मौके पर निराकरण

# सुशासन तिहार में हो रहा समस्याओं का समाधान

**विभिन्न योजना के तहत 114 हितग्राहियों को सामग्री वितरित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत सोमवार को विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंगारपुर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सिंगारपुर सहित 17ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। शिविर में प्राप्त 1568 आवेदनों में से 356 का मौक़े पर ही निराकरण किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजन के उद्देश्य, जिले में शिविरों की संख्या तथा अब तक सम्पन्न हुए शिविरों में प्राप्त आवेदनों की संख्या के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुसार गांव में ही लोगों की समस्याओं का समाधान के लिए पूरा प्रशासन मौजूद है। यहां प्राप्त होने वाले अधिक से अधिक आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर में समस्या, शिकायत व मांग से सम्बंधित आवेदन लेने के साथ ही स्वास्थ्य शिविर भी लगा है जहां विभिन्न प्रकार के जांच, ईलाज व दवा मुफ्त में मिल रही है, उसका भी लाभ लें। विभागीय स्टॉल में योजनाओं की जानकारी अधिकारियो से प्राप्त कर सकते हैं।




शिविर में विभिन्न योजना अंतर्गत लगभग 114 हितग्राहियों को सामग्री व चेक वितरित किया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास क्री चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को फलदार पौधे,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजा जायसवाल, सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पलारी की लैब में की जा रही विभिन्न बीमारियों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी के लैब में मरीजों की विभिन्न जांच पूरी क्षमता के साथ सुचारू रूप से जारी है। पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। पानी की कमी से लैब के जाँच में कुछ असुविधा हुई थी किंतु जांच कार्य प्रभावित नहीं हुआ। वर्तमान में जांच जारी है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज वर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण अस्पताल के दो बोर सूख गए हैं तथा एसडीओ हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराए गए बोर में भी पानी नहीं है। फिर भी अस्पताल में पानी की कोई कमी नहीं है।नगर पंचायत पलारी द्वारा नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही अस्पताल के लिए नया नल कनेक्शन भी लिया गया है, जिससे पानी की निरंतर उपलब्धता बनी हुई है।उन्होंने स्पष्ट किया कि लैब में सभी आवश्यक जांच बिना किसी बाधा के हो रही हैं और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।

अपनी पत्नी की जांच करवाने ग्राम दतान से आए शंकर पटेल ने बताया कि लैब में मलेरिया, टाइफाइड ,सीबीसी ,सिकलिन तथा एसआर की जांच की गई। अस्पताल में जांच का कोई शुल्क भी नहीं लिया गया। विगत एक सप्ताह में अस्पताल की लैब में 1450 लोगों ने अपनी जांच करवाई है। इसमें शुगर, वायरल मार्क, सिकलिन, सीबीसी जैसी रक्त जांच के साथ साथ पेशाब और बलगम की भी जांच सम्मिलित है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी अपनी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सतत रूप से प्रयासरत है ।

# दिनेश डेयरी और डेली निड्स पर 50-50 हजार का जुर्माना, जांच में पाया गया मिलावटी पनीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- अन्नापूर्णा ट्रेडर्स से लिए गए उड़द दाल के नमूने में मिलावट मिली
- मिलावटी पनीर बेचने वाली दो डेयरियों पर लगा 50 हजार का जुर्माना, उड़द दाल में मिला हानिकारक काला रंग

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले में मिलावट खोरों के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने और अवमानक (सब-स्टैंडर्ड) खाद्य पदार्थ बेचने पर दो प्रसिद्ध डेयरी फर्मों पर कुल 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। इसके अलावा एक अन्य ट्रेडर्स से लिए गए उड़द दाल के नमूने में भी गंभीर मिलावट पाई गई है।

जानकारी के अनुसार दिनेश डेयरी एवं डेली निड्स महासती मंदिर रोड व आयुष डेयरी शक्ति वार्ड से पनीर का जांच हेतु नमूना लिया गया था। उक्त दोनों फर्म से लिये गये खाद्य नमूना पनीर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के जांच प्रतिवेदन में अवमानक पाया गया था। विवेचना पूर्ण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरणों को अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। उक्त दोनों प्रकरणों में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जन स्वास्थ को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 51 के तहत 25-25 हजार रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा पूर्व में अन्नापूर्णा ट्रेडर्स खोखली से संग्रहित उड़द दाल अवमानक व मिथ्याछाप पाया गया है। साथ ही उक्त फर्म से जांच हेतु लिया गया। अपद्रव्य काला रंग स्वास्थ के लिए हानिकारक असुरक्षित घोषित किया गया।

# प्री फार्मेसी टेस्ट आज जिले के 595 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- परीक्षा केंद्र में 9.30 बजे के पहले उपस्थित होना अनिवार्य
- गहरे रंग के कपड़ों, जूते, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा कल गुरुवार 21 मई को प्री फार्मेसी टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में जिले के 595 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बलौदाबाजार शहर में शासकीय मिनी माता गर्ल्स कॉलेज और डी.के. कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सुबह 9.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षार्थियों को 9.30 बजे से पहले केंद्र पहुंचना अनिवार्य है।

जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से ड्रेस कोड का पालन करने की अपील की है, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। सख्तः गहरे रंग के कपड़े पूरी तरह बैन हैं। परीक्षार्थियों को सिर्फ हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आना होगा। फुल आस्तीन के कपड़े नहीं चलेंगे। फुटवियर में केवल चप्पल की अनुमति है, जूते-मोजे वर्जित हैं।गहने, घड़ी, मोबाइल, ब्लूटूथ समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट केंद्र में ले जाना मना है। परीक्षा में भाग ले रहे अभ्यर्थी एक बार प्रवेश पत्र में उपलब्ध निर्देश अच्छी तरह से पढ़ लें और उसकी प्रिंटेड कॉपी लेकर परीक्षा हेतु उपस्थित हों। साथ में अपना पहचान पत्र भी रखने के निर्देश हैं । व्यापम के निर्देशों का उल्लंघन करने पर परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

# उपभोक्ता आयोग ने बीमा कम्पनी से दिलाई वाहन मरम्मत की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मरम्मत की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के कारण उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए वाहन की मरम्मत राशि 502998 एवं उपभोक्ता को मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रुपये परिवादिनी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया है।

जानकारी के अनुसार अर्जुनी निवासी परिवादिनी सविता चौहान ने अपने वाहन का बीमा एस.बी.आई. जनरल इन्शुरेन्स कंपनी से कराया था।वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर सूचना विरोधी पक्षकार को प्रदाय किया गया। परिवादिनी द्वारा वाहन मरम्मत राशि का इस्टीमेट विरोधी पक्षकार बीमा कंपनी को प्रस्तुत किया परन्तु बीमा कंपनी ने मरम्मत राशि देने से इंकार कर दिया जिससे परिवेदित होकर परिवादिनी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि बीमा कमनी द्वारा परिवादिनी को वाहन मरम्मत की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय किये जाने हेतु किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया मात्र वाहन चालक को बदलने का अभिमत देते हुये मरम्मत राशि देने से इंकार किया गया है। बीमा कंपनी के उपेक्षा पूर्ण कृत्यो के कारण परिवादिनी को परेशान होकर उक्त परिवाद आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना पड़ा है।विरोधी पक्षकार एसबीआई जनरल इन्शुरेन्स कंपनी रायपुर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुये परिवादिनी को वाहन मरम्मत बिल,इस्टीमेट की राशि 502998 एवं मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रुपये परिवादिनी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है।

## *डीजल की किल्लत और अवैध उत्खनन पर कार्रवाई से घटी रेत की सप्लाई*

***रायपुर।** बारिश का सीजन शुरू होने से पहले रायपुर जिले में रेत की सप्लाई अचानक घट गई है, जिसका असर रेत की कीमत पर पड़ना शुरू हो गया है। मीडियम रेत जो बाजार में 14 से 15 हजार रुपए प्रति हाईवा थी, उसकी कीमत बढ़कर अब 17 से 18 हजार रुपए तक पहुंच गई है। इसी प्रकार बारीक रेत भी 20-22 हजार से बढ़कर 24 से 25 हजार प्रति हाईवा हो गई है। रेत की सप्लाई घटने का एक कारण जहां हाल ही में डीजल-पेट्रोल की घटी सप्लाई है, वहीं दूसरा बड़ा कारण जिले में संचालित रेत खदानों का बंद होना है। सूत्रों के अनुसार जिले में जितनी रेत की खदानें वैध रूप से चल रही थीं, उन खदानों की ठेका अवधि खत्म हो गयी है, जिसे देखते हुए खनिज विभाग लगातार खदानों पर कार्रवाई करते हुए उत्खनन का कार्य बंद करा रहा है। पिछले सप्ताहभर में ऐसी कई कार्रवाई की गई है, जिसमें खनिज विभाग ने बड़ी संख्या में चेन माउंटेन मशीनों के साथ हाईवा गाड़ियों को जब्ती बनाया है।*

**पटवारियों पर पहले से ही कई शासकीय कार्यों का दबाव**

# राजस्व पटवारी संघ ने विभिन्न समस्याओं पर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की तहसील शाखा खरोरा की बैठक बुधवार को कार्यालय खरोरा में आयोजित की गई। बैठक में पटवारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तहसील तिल्दा के पटवारी साथी लोकेश जंघेल के निलंबन को अकारण बताते हुए संघ ने नाराजगी जताई। संघ ने निर्णय लिया कि तहसील खरोरा अंतर्गत आयोजित समस्त शिविरों का बहिष्कार किया जाएगा, हालांकि जनगणना कार्य इससे अलग रहेगा। संघ ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा आयोजित शिविरों में पटवारियों के साथ प्रताड़ना एवं अभद्र व्यवहार किया जा रहा है, जिससे कर्मचारी आहत हैं। भविष्य में ऐसी स्थिति बनने पर सभी शिविरों के बहिष्कार की चेतावनी दी गई।

बैठक में यह भी कहा गया कि तहसील कार्यालय में पटवारियों के साथ दबावपूर्वक अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा पटवारी आईडी में दर्ज एमडी सीरीज के प्रकरणों को बिना कारण निरस्त किए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई। संघ ने कहा कि जनगणना, स्वामित्व योजना, सुशासन तिहार, रोड सर्वे और रेलवे सर्वे जैसे कार्यों के साथ प्रतिदिन 10 नक्शों के



बंटांकन का लक्ष्य दिया गया है, जबकि भीषण गर्मी और पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण यह कार्य व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। सीमांकन कार्यों को लेकर भी संघ ने आपत्ति जताई।

संघ का कहना है कि राजस्व निरीक्षकों की अनुपस्थिति में पटवारियों की टीम बनाकर सीमांकन कराया जाता है, जबकि पटवारियों पर पहले से ही कई शासकीय कार्यों का दबाव रहता है। इसलिए सीमांकन कार्य राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में कराए जाने की मांग की गई। अंत में संघ ने प्रशासन से समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर जिला शाखा रायपुर के निर्देशानुसार संघीय कार्रवाई की जाएगी।

